तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस सुनाया सुदामा चरित्र



खबर संक्षेप

सात स्थानों पर आज होंगे नुक्कड़ नाटक

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 6 अक्टूबर को जिले के सात स्थानों पर नुक्कड़ नाटक आयोजित होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सेजेस एनसीडीसी कोरबा में सेजेस एनसीडीसी कोरबा के विद्यार्थी और सेजेस कटघोरा में सेजेस कटघोरा के विद्यार्थी प्रस्तुति देंगे। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कोरबा की प्रस्तुति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पीडब्ल्यूडी रामपुर में होगी। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कटघोरा के विद्यार्थी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कन्या कटघोरा में, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सेनद्रिपाली के विद्यार्थी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेनद्रिपाली में, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मुनगाडीह के विद्यार्थी सेजेस हिंदी माध्यम मुनगाडीह में तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पोड़ी-उपरोड़ा के विद्यार्थी पीएमश्री सेजेस पोड़ी-उपरोड़ा में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करेंगे।

अरदा में आज लगेगा सेवा सेतु शिविर

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम पंचायत अरदा में 6 अक्टूबर को सेवा सेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर पंचायत भवन के पास लगेगा। शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त कर उनकी समस्याओं के निराकरण की कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से शिविर में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी लेने और अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है।

सेवा के रंग कार्यक्रम और सेवा ज्योति कलश यात्रा कल

कोरबा। जिले में 7 अक्टूबर को सेवा के रंग कार्यक्रम एवं सेवा ज्योति कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। कार्यक्रम स्थल पर रंगोली बनाने, मानव श्रृंखला में जनभागीदारी सुनिश्चित करने और माय भारत युवा वॉलंटियर्स की सहभागिता के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों के अधिकारियों को स्थानीय स्तर पर लोगों को जोड़ने तथा उन्हें कार्यक्रम स्थल तक लाने की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गई है।

अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए वॉक-इन इंटरव्यू 10 को

कोरबा। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कोरबा द्वारा दिशा प्रोजेक्ट के अंतर्गत अतिथि शिक्षकों के अस्थायी नियोजन के लिए 10 अक्टूबर को वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान, गणित, हिंदी और अंग्रेजी विषयों में एक-एक अतिथि शिक्षक का चयन किया जाएगा। इंटरव्यू के लिए पंजीयन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। दोपहर 12 बजे के बाद साक्षात्कार लिया जाएगा। आयोजन स्थल एसईसीबी, कोरबा स्थित हिंदी माध्यम विद्यालय निर्धारित है। संबंधित विषय में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर, बी.एड. तथा विद्यालय में पीजीटी के रूप में कम से कम 7 वर्ष का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। चयन दस्तावेज सत्यापन, शैक्षणिक एवं अनुभव के अंकों, डेमो अध्यापन और संरचित साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। चयनित अतिथि शिक्षक को शर्तों के अधीन अधिकतम 10 माह तक 35 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा।

डायरेक्टर टेक्निकल ने डिपार्टमेंटल और कॉन्ट्रैक्ट वर्क का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के डायरेक्टर टेक्निकल–प्रोजेक्ट्स एवं प्लानिंग नृपेंद्र नाथ ने दीपका एरिया का दौरा कर खनन एवं संचालन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने डिपार्टमेंटल और कॉन्ट्रैक्ट के माध्यम से चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए ऑपरेशनल गतिविधियों की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की।

दौरे के दौरान श्री नाथ ने खदान क्षेत्र में चल रहे विभिन्न कार्यों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से उत्पादन एवं संचालन से जुड़े विषयों पर जानकारी ली। उन्होंने कार्यस्थल पर व्यवस्थाओं और गतिविधियों की निगरानी की स्थिति भी जानी। निरीक्षण के दौरान कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप आगे बढ़ाने तथा ऑपरेशन में बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। श्री नाथ ने हरदीबाजार गांव के समीप दर्राखांचा स्थित डिमोलिशन साइट का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने चल रहे डिमोलिशन कार्य की प्रगति, कार्यस्थल की व्यवस्थाओं और संबंधित गतिविधियों की जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें साइट पर अब तक हुए कार्य और आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया। एरिया टीम के साथ चर्चा के दौरान डायरेक्टर टेक्निकल ने खनन कार्यों में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऑपरेशनल गतिविधियों की नियमित और बारीकी से निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों को सुरक्षित, व्यवस्थित और कुशल तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। दौरे को दीपका एरिया में चल रहे खनन एवं अन्य ऑपरेशनल कार्यों की प्रगति की जमीनी समीक्षा के तौर पर देखा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कार्यों की स्थिति, साइट स्तर की व्यवस्थाओं और संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी ली गई।

दर्राखांचा डिमोलिशन साइट भी पहुंचे

खास बात

- दीपका एरिया में माइनिंग ऑपरेशन की समीक्षा, सुरक्षित व कुशल संचालन पर दिया जोर



आक्रोशित लोगों ने किया चक्काजाम

अज्ञात ट्रक ने राहगीरों को मारी टक्कर, एक की मौत, तीन गंभीर



घटनास्थल में पड़ा मृतक का शव।



चक्काजाम करते आक्रोशित क्षेत्रवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 नंबर इलाके में सोमवार की देर शाम सड़क हादसा हो गया, जिसमें तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने राहगीरों को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद तुंरत स्थानीय निवासियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद बांकीमोंगरा थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को त्वरित उपचार के लिए न ज दी की अ स्प ता ल भिजवाया, जहां उनकी हालत चिं ता ज न क बनी हुई है। हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति का शव काफी देर तक घटनास्थल पर ही पड़ा रहा, जिसे देख स्थानीय निवासियों में भारी नाराजगी देखी गई। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम करने का प्रयास किया और फरार ट्रक चालक की जल्द गिरफ्तारी तथा क्षेत्र में सुरक्षा प्रबंधों की मांग किया जाने लगा। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भारी बल के साथ मौके पर तैनात हैं। अधिकारियों द्वारा स्थानीय लोगों को शांत कराने और समझाइश देने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि फरार अज्ञात वाहन और चालक का सुराग लगाया जा सके। क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस टीम लगातार गश्त कर रही है।



दुर्घटनाकारित ट्रक।

ट्रेलर ने स्कूटी सवार पंचायत सचिव महिला को मारी ठोकर, मौत

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी बाजार निवासी मधुलता रात्रे उम्र 40 साल पति धर्मेंद्र रात्रे मूलतः जिला जांजगीर चांपा की रहने वाली है जो पिछले लंबे समय से बुधवारी बस्ती में निवास करती है। बताया जाता है कि बलौदा में पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ थी रोज की तरह मधुलता रात्रे सोमवार की सुबह अपनी स्कूटी में सवार होकर सर्वमंगला चौक से नहर के रास्ते बलौदा जा रही थी। इस दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार मधुलता रात्रे को अपनी चपेट में लिया जिससे उसके मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटनाकारित ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर वाहन को जब्त कर लिया है।

न्यू दिल्ली स्वीट्स पर गिरी गाज हाइजीन सुधरने तक खरीद-बिक्री बंद



दुकान का निरीक्षण करते खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो ने आखिरकार खाद्य विभाग की नींद खोल दी। वीडियो में न्यू दिल्ली स्वीट्स की निहारिका ब्रांच में अव्यवस्थाओं को लेकर उठे सवालों के बाद खाद्य एवं औषधिय सुरक्षा विभाग की टीम ने संघर्ष मिश्रा के नेतृत्व में न्यू दिल्ली स्वीट्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो की सत्यता सही पाई गई, जिसके बाद फर्म के खिलाफ कार्रवाई की गई।

जांच में हाइजीन व्यवस्था में सुधार की जरूरत पाए जाने पर विभाग ने फर्म को हाइजीन व्यवस्था दुरुस्त करने और आवश्यक सुधार कार्य करने का नोटिस जारी किया है। विभाग ने साफ कर दिया है कि जब तक फर्म में स्वच्छता और हाइजीन व्यवस्था निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हो जाती, तब तक फर्म में क्रय-विक्रय बंद रहेगा और लाइसेंस सस्पेंड रहेगा। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर सामने आई शिकायत के बाद विभाग ने मौके पर पहुंचकर स्थिति की जांच की। निरीक्षण में वीडियो में दिखाई गई स्थिति की पुष्टि होने के बाद विभाग ने महज नोटिस तक कार्रवाई सीमित नहीं रखी, बल्कि सुधार होने तक कारोबार पर रोक लगाने का निर्णय लिया। इधर दर्री रोड स्थित प्रेम जनरल स्टोर भी खाद्य विभाग की जांच के दायरे में आया है। यहां प्राप्त शिकायत के आधार पर विभागीय टीम ने फर्म से चायपत्ती का सैंपल जांच के लिए लिया है। अब सैंपल की जांच रिपोर्ट के बाद ही चायपत्ती की गुणवत्ता को लेकर तस्वीर साफ होगी।

खास बात

- खाद्य विभाग की कार्रवाई

आयुर्वेद परिषद के चुनाव परिणाम पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तृतीय आयुर्वेद परिषद के गठन हेतु चुनाव रायपुर के छत्तीसगढ़ आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सा परिषद द्वारा कराया जा रहा था जिससे 5 सदस्यों को चुनकर (प्रत्येक संभाग से 1 परिषद सदस्य का चुनाव होना है) आना है जिसमें कुल 19 उमीदवार थे। जिसका परिणाम 30 सितम्बर को आना था किन्तु समय समय पर इस चुनावी प्रक्रिया पर पूरे राज्य से उमीदवारों के द्वारा सवाल उठते रहे। मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा और वहां से भी खामियों को दूर कर चुनाव संपन्न करने का निर्देश माननीय न्यायालय द्वारा प्राप्त हुआ और इसी क्रम में संचालक आयुष द्वारा पूरे प्रकरण की जांच हुतु समिति का गठन कर जांच प्रारंभ किया गया जिसमें 29 सितंबर को सभी शिकायतकर्ताओं को बुला कर उनकी शिकायत और संबंधित साक्ष्यों का अवलोकन कर प्रथम दृष्टया चुनावी प्रक्रिया और उससे संबंधित पारदर्शिता में खामी पाई जिस कारण चुनाव परिणाम को तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेश तक रोक लगा दिया गया।

पेंशनर 23 तक जीवित प्रमाण पत्र जमा कराएं

कोरबा। नगर निगम से सेवानिवृत्त समस्त पेंशनरों से कहा गया है कि वे अपने जीवित प्रमाण पत्र को पूर्ण रूप से भरकर एवं अपने व्यक्तिगत खाता संधारित बैंक के शाखा प्रबंधक से प्रमाणीकरण कराकर 23 अक्टूबर तक निगम के स्थापना शाखा में अनिवार्य रूप से जमा कराएं ताकि इस पर आगामी कार्यवाही की जा सके। उल्लेखनीय है कि संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा नगरीय निकायों के पेंशनरों का जीवित प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से सत्यापन कराया जाकर पेंशनरों की सूची सहित 31 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से संचालनालय को भेजे जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।।

स्कूल का खेल मैदान बचाने बच्चे आ गए शिक्षकों के साथ कलेक्ट्रेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्कूल के बच्चों को खेलने के लिए रिक्त पड़ी सरकारी जमीन में हो रहे कब्जे से बच्चों के खेलने के लिए जगह नहीं मिलने की समस्या को लेकर खेल मैदान बचाने की मांग करते हुए दिव्य ज्योति विद्यालय के बच्चे जनदर्शन में कलेक्टर के पास पहुंच गए। मामले में डिप्टी कलेक्टर ने उन्हें जांच का आश्वासन दिया है।

रामपुर पटवारी हल्के के अंतर्गत आने वाले उद्यानिकी विभाग के समीप रिक्त पड़ी जमीन का उपयोग दिव्य ज्योति विद्यालय के बच्चे अपने खेल मैदान के रूप में किया करते थे। लेकिन पिछले कुछ दिनों से खाली पड़ी सरकारी जमीन में कुछ लोगों के द्वारा निर्माण सामग्री डालकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। निर्माण सामग्री डाले जाने के बाद स्कूल के बच्चों को खेलने की समस्या शुरू हो गई है। जिसको लेकर दिव्य ज्योति विद्यालय के बच्चे खेल मैदान हमारा है का नारा लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। मौके पर संयुक्त कलेक्टर तुलाराम भारद्वाज ने स्कूल के शिक्षकों से बातचीत की और मौके पर स्थल निरीक्षण के बाद आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह पूरा शासकीय रकबा है, यह देखा जाएगा कि उक्त जमीन किसी को अलाट हुई है या उस पर बेजा कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद इस पूरे मामले में कार्रवाई की जाएगी।

खास बात

- मामला दिव्य ज्योति विद्यालय का



कलेक्टोरेट पहुंचे दिव्य ज्योति विद्यालय के छात्र।

सीएसआर मद से किए जाएंगे कार्य, निजी कंपनियों से चल रही है प्रशासन की वार्ता

सतरेंगा उत्सव के साथ संवरेगा पर्यटन केन्द्र, बढ़ेंगी सुविधाएं


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के प्रमुख पर्यटन केन्द्र सतरेंगा को नए सिरे से संवारने के लिए एक बार फिर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू की है। लेकिन इस बार इस कार्य को सीएसआर के मद से कराया जाएगा। इसके लिए निजी कंपनियों से भी प्रशासन की वार्ता चल रही है। जनवरी महीने में सतरेंगा उत्सव के साथ नई बोटिंग की भी शुरुआत की जाएगी। उक्त बाते कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मुलाक़ात के दौरान कही।

पर्यटन केन्द्र सतरेंगा को धमतरी के गंगरेल बांध की तर्ज पर संवारने



कुणाल दुदावत



की तैयारी शुरू हो गई है। संभवतः जनवरी महीने में सतरेंगा उत्सव के नाम से एक कार्यक्रम आयोजित कर इसे मूर्त रूप दिया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन सीएसआर मद से राशि खर्च करेगा। इस बार अन्य राज्यों की बड़ी निजी कंपनियां जो पर्यटन केन्द्रों में काम कर रही हैं उनसे जिला प्रशासन पर्यटन केन्द्र को संवारने के लिए बातचीत कर रहा है। नई बोटिंग की भी खरीदी की जाएगी। इसके लिए भी निजी कंपनियों से अनुबंध की कार्रवाई चल रही है। लेकिन इस अनुबंध में प्रशासन की ओर से बोटिंग के बिगड़ने के दौरान उनके सुधार कार्य की जिम्मेदारी निजी कंपनियों की ही होगी। 5 साल

⏭शेष पेज 3 पर

स्थानीय नाविकों से भी हुई बातचीत

नए सिरे से संवरने जा रहे पर्यटन केन्द्र सतरेंगा में स्थानीय नाविकों से भी प्रशासन ने बातचीत की है। लगभग 14 ऐसे परिवार हैं जिनके द्वारा अपने छोटे छोटे डोंगी नाव से पर्यटकों को नौका विहार कराया जाता है। प्रशासन इन परिवारों को भी इस योजना से जोड़ना चाह रहा है ताकि स्वरोजगार उपलब्ध हो सके। उनको सुविधाएं भी प्रशासन के द्वारा दी जाएगी। इसके अलावा पर्यटन केन्द्र में एक रेस्ट हाउस भी बनाने की योजना तैयार हुई है। जिसका काम शीघ्र ही शुरू किया जाएगा।

शहर विकास की योजनाएं की गई हैं तैयार

शहर और उपनगरी क्षेत्रों के विकास की योजनाएं तैयार की गई हैं। सीतामढ़ी से उरगा तक फोरलेन सड़क एसईसीएल के द्वारा बनायी जाएगी। बजरंग चौक से परसाभाठा चौक तक टू लेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। साथ ही कोरबा शहर की बारिश के दौरान खराब हो चुकी सड़कों की मरम्मत का कार्य भी जल्द प्रारम्भ होगा।

डेंगुरनाला में बनेगा रपटा

रिस्दी डेंगुरनाला पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए उसके मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरु कराया जाएगा। मरम्मत कार्य शुरु होने से पहले बालको के सहयोग से रिस्दी डेंगुरनाला में अस्थाई रपटे का निर्माण कराया जाएगा। जिससे पुल की मरम्मत होने तक आवागमन में कोई परेशानी ना हो।

नवविवाहिता की झुलसने से मौत, जांच में जुटी पुलिस

कोरबा। विगत दिनों एक नवविवाहिता ने बच्चे को जन्म दिया था जिसके बाद वह घर में अलाव जलाकर आग ताप रही थी, जो संदिग्ध परिस्थितियों में झुलस गई थी। जिसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया था, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामला पसान थाना क्षेत्र के अमलीकुंडा की है यहां निवासरत मीना लकड़ा उम्र 26 साल पति लालू 27 दिसंबर को घर में अलाव तापते समय संदिग्ध परिस्थितियों में झुलस गई थी जिसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान नवविवाहिता की सोमवार की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

खबर संक्षेप

छात्रा ने कीटनाशक पीकर कर ली खुदकुशी

बिलासपुर। खाना बनाने को लेकर बड़ी बहन से विवाद होने पर एलएलबी की छात्रा ने



कीटनाशक पीकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पचपेड़ी भटचौरा निवासी विसंभर पुरैना ने बताया कि उनकी बेटी संध्या कुमारी 21 साल बलौदाबाजार में एलएलबी सेकेंड सेमेस्टर की पढ़ाई कर रही थी। 4 अक्टूबर की सुबह घर में खाना बनाने को लेकर संध्या का उसकी बड़ी बहन अंकिता से विवाद हो गया। इसे लेकर बड़ी बहन ने उसे डांट फटकार लगा दी। जिससे आक्रोशित होकर संध्या ने घर में रहे कीटनाशक पी लिया। हालत गंभीर होने पर घटना की जानकारी परिजन को हुई। पूछने पर संध्या ने कीटनाशक सेवन करना बताया और कीटनाशक की खाली डिब्बा रखा हुआ था। परिजन के द्वारा उसे इलाज के लिए सिम्स लाया गया। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया है। सिम्स चौकी पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

बच्चे को ट्यूशन छोड़कर महिला लापता, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। बच्चे को ट्यूशन छोड़ने के बाद महिला रहस्यमय ढंग से लापता हो गई है। पुलिस



अपहरण का मामला दर्ज कर पतासाजी में जुट गई है। तीन दिन बाद भी पुलिस महिला सुराग नहीं लगा पाई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मोपका शिवम वाटिका कालोनी निवासी हिमांशु कुर्रे पति हरीश कुर्रे 32 साल 2 अक्टूबर को शाम 5 बजे बच्चे को ट्यूशन छोड़ने के बाद रहस्यमय ढंग से लापता हो गई हैं। श्रीमती कुर्रे के घर नहीं लौटाने पर परिजन ने रिश्तेदारी व जान पहचान में पतासाजी की, किन्तु उनका पता नहीं चल पाया है। 3 अक्टूबर को परिजन ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण की धारा 140 के तहत जुर्म दर्ज कर शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज व रेलवे स्टेशन में सीसीटीवी फुटेज खंगाला, किन्तु पता नहीं लग पाया है। बहरहाल 3 दिन बाद भी महिला का पता नहीं चल पाया है।

तालाब में युवक की लाश मिलने से सनसनी

बिलासपुर। तालाब में युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल



गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस पहचान कार्रवाई में लगी हुई है। सोमवार की सुबह सरकण्डा क्षेत्र के ग्राम बहतराई के लोगों ने नाग नागिन तालाब में एक युवक की लाश देखे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर तालाब से शव बाहर निकलवाया गया। शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। आसपास के लोगों को बुलाकर पहचान कराने की कोशिश की गई। किन्तु मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। मृतक की उम्र 34, 35 साल बताई जा रही है।

शासन ने बदला निर्णय | अब तक अनावश्यक परेशान होते रहे किसान

धान बेचने के लिए सह खातेदारों का एग्रीस्टेक पंजीयन जरूरी नहीं, आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। इसके मुताबिक अब केवल लंबरदार को ही एग्रीस्टेक पंजीकृत होना अनिवार्य है। सह खातेदारों को एग्रीस्टेक पंजीयन कराने की कोई जरूरत नहीं होगी। शासन द्वारा सोमवार को यह महत्वपूर्ण आदेश जारी कर दिया गया है। इस आदेश के बाद पंजीयन के लिए भटक रहे हजारों किसानों को राहत मिल सकेगी।

शासन द्वारा जून महीने में जारी किए गए आदेश के अनुसार सह खातेदारों को भी एग्रीस्टेक पंजीकृत होना अनिवार्य किया गया था, तभी वे समर्थन मूल्य पर अपना धान समितियों में बेच पाते। इस आदेश के बाद प्रदेश भर के किसानों में सह खातेदारों द्वारा एग्रीस्टेक पंजीयन की होड़ सी मच गई थी। इस चक्कर में किसान हलाकान भी होते रहे। प्रदेश में लाखों की संख्या ऐसे महिला सह खातेदारों की भी, जिनका विवाह हो चुका है और वे अन्यत्र निवास कर रहीं हैं। इस श्रेणी की महिला खातेदारों के द्वारा भी मोबाईल ओटीपी के आधार पर अपना एग्रीस्टेक पंजीयन कराया गया था।

सोमवार को शासन ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए पूर्व में जारी सह खातेदारों के भी एग्रीस्टेक पंजीयन की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब केवल लंबरदार का एग्रीस्टेक पंजीकृत होना अनिवार्य है। सह खातेदारों को एग्रीस्टेक पंजीयन कराने की कोई जरूरत नहीं है।

कितने खातेदारों ने करा लिए पंजीयन, कोई रिकार्ड नहीं

खाते में शामिल सभी किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन को अनिवार्य करने के बाद हड़बड़ाए किसान बड़ी संख्या में एग्रीस्टेक पंजीयन कराने सेंटर में पहुंचते रहे। जबकि जिले के किसी भी विभाग के पास इस बात की डिटेल नहीं है कि अब तक कितने खातों के शत प्रतिशत किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन पूर्ण हो चुका है व कितने खाते अभी भी इससे छूटे हैं। अधीक्षक भू-अभिलेख केएस यादव ने इस बात की पुष्टि की है कि कितने खातों के सारे सह खातेदारों के द्वारा भी अपना पंजीयन कार्य पूरा करा लिया गया है इस बात का विभाग में कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं है।

की गई नई व्यवस्था

खाते में दर्ज सारे सह खातेदार किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन अब आवश्यक नहीं है। । धान बेचने के लिए केवल लंबरदार का पंजीयन अनिवार्य है। शासन द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं।

-अमृत कुजूर,
खाद्य नियंत्रक

जाम...



सोमवार को उसलापुर ओवरब्रिज पर दोपहर 1 बजे ट्रैफिक जाम हो गया, चिलचिलाती धूप में सैकड़ों लोग परेशान होते रहे।

महिला कांग्रेस शहर व जिला अध्यक्ष की जल्द नियुक्ति के संकेत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महिला कांग्रेस की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिन्हा ने सोमवार को अपने बिलासपुर प्रवास के दौरान महिला कांग्रेस में शहर, जिला अध्यक्ष के पद पर जल्द ही नियुक्ति के संकेत दिए हैं। उन्होंने बताया कि महिला कांग्रेस के आगे रणनीति पर चर्चा हुई है और जनता के मुद्दों को लेकर महिला कांग्रेस धरना प्रदर्शन आदि सड़क की लड़ाई लड़ेगी।

- प्रदेश अध्यक्ष ने कहा जनता के मुद्दे पर सड़क पर लड़ाई लड़ेगी महिला कांग्रेस

प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिन्हा ने बताया कि महिला कांग्रेस जिला संगठन में बहुत जल्द नियुक्ति की जाएगी और लोगों के सामने रिजल्ट आ जाएगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार से लेकर भातर सरकार तक की हालत बहुत खराब है। आज शक्कर, तेल, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस की मंहगाई को देखिए तथा किसान, युवा, महिलाएं सभी परेशान हैं, इसलिए महिला कांग्रेस जनता के इन सब मुद्दे सहित एसआईआर को लेकर महिला कांग्रेस धरना प्रदर्शन कर सड़क की लड़ाई लड़ेगी।

श्रीमती सिन्हा ने भाजपा के सेवा संकल्प अभियान को छलावा बताते हुए कहा कि केवल आवेदन लिया जा रहा है और कोई काम नहीं हो रहा है। महिला आरक्षण एवं चुनाव में महिलाओं को टिकट के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि भाजपा से ज्यादा कांग्रेस में महिलाएं है और आज भी जितना प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए है उतना सम्मान चुनाव में महिलाओं को मिलेगा।

बैठक में एकजुटता और सक्रियता पर जोर

महिला कांग्रेस की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिन्हा का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद आज पहली बार बिलासपुर आगमन हुआ। उन्होंने कांग्रेस भवन में महिला कांग्रेस की बैठक ली, जिसमें उन्होंने महिलाओं को एकजुटता के साथ आगामी चुनाव को देखते हुए अभी से सक्रिय होने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक साथ मिलकर और पुराने लोगों को भी साथ लेकर अच्छे से काम करना है। महिला आरक्षण को लेकर कहना था कि अभी 33 प्रतिशत आरक्षण है और 50 प्रतिशत के लिए लड़ाई लड़नी होगी। अगर आरक्षण मिली तो ज्यादा महिलाओं को अवसर मिलेगा इसलिए अभी से तैयारी में जुट जाए और सक्रिय होकर काम करें। बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय व रश्मि सिंह, सीमा पांडेय, सीमा धृतेश, शिल्पी तिवारी, मंजू त्रिपाठी, रीता मजूमदार, बिना मसीह, गीताजंलि कौशिक, अनीता शुक्ला, एंजल चौकसे, अनुपा मिश्रा आदि कांग्रेस एवं महिला कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अभी तक बमुश्किल नाली निर्माण ही प्रारंभ

अतिक्रमण ने रोकी सीपत-बलौदा मार्ग के निर्माण की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत-बलौदा के बीच बीस करोड़ की लागत से प्रस्तावित चौदह किलोमीटर सड़क का निर्माण नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है। अभी इस सड़क में बमुश्किल नाली का निर्माण ही प्रारंभ किया जा सका है। विभाग के अनुसार मार्ग में काफी अतिक्रमण हैं, जिन्हें हटाने में ही काफी समय खर्च हो रहा है। हालांकि निर्माण की धीमी रफ्तार के पीछे बारिश को भी कारण बताया गया है।

- सड़क पर से अतिक्रमण हटाने माथापच्ची कर रहा विभाग

सड़क पर छोटी बाउंड्रीवॉल एवं टिन शेड बनाने वालों के कारण बिलासपुर से कोरबा जाने के लिए सबसे शार्टकट रास्ता माने जाने वाले सीपत-बलौदा मार्ग के निर्माण की चाल सुस्त नजर आ रही है। सड़क की कुल लंबाई चौदह किलोमीटर है, लेकिन पूरे मार्ग में बेजा-कब्जाधारियों की उपस्थिति है। लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्कआर्डर जारी करने के बाद संबंधित ठेकेदार के द्वारा नाली का निर्माण प्रारंभ किया गया है, लेकिन लगातार अतिक्रमण के चलते निर्माण की गति काफी धीमी है। इसके कारण अति जर्जर हो चुके मार्ग में आवागमन करने वाले वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। सीपत से प्रारंभ होकर बलौदा से ठीक पहले लीलागर नदी तक 14 किलोमीटर लंबाई वाली इस सड़क की कुल लागत 19 करोड़ 84 लाख रूपए होगी। इसी तरह चौड़ाई साढ़े सात मीटर रखी जानी है। विभाग के अनुसार बारिश की समाप्ति के बाद अब सड़क के निर्माण को गति मिल सकेगी।

नेहरू चौक से पेंड्रीडीह सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू

नेहरू चौक से पेंड्रीडीह के बीच प्रस्तावित सड़क निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार वर्तमान में मार्ग में नाली निर्माण का कार्य जारी है। चूंकि इस इस मार्ग में कुल लंबाई में नाली निर्माण की स्वीकृति नहीं है, जिससे ऐसे स्थान जहां नाली में टूटफूट है, केवल उन्हीं स्थानों पर ही नाली निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। यहां नाली निर्माण प्रारंभ किया जा चुका है। इसके साथ ही कुछ ही दिनों में सड़क निर्माण का कार्य भी प्रारंभ कर दिया जाएगा।



कोनी-पत्रकार कॉलोनी सड़क फोरलेन तो बनेगी, लेकिन विद्युतीकरण नहीं

कोनी से पत्रकार कॉलोनी के बीच शासन ने फोरलेन सड़क के निर्माण को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके टेंडर की प्रक्रिया भी जारी है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार सड़क निर्माण को तो मंजूरी मिली है, लेकिन रोड की स्वीकृति में विद्युतीकरण शामिल नहीं है। ऐसे में चकाचक फोरलेन सड़क तो बन जाएगी, लेकिन मार्ग अंधकारमय ही रहेगा।

अतिक्रमण के कारण गति धीमी है

सीपत-बलौदा मार्ग में नाली निर्माण का कार्य जारी है। मार्ग में काफी अतिक्रमण होने के कारण निर्माण की गति धीमी रही है। अब बारिश समाप्ति के बाद गति में तेजी आने की संभावना है। नेहरू चौक से पेंड्रीडीह के बीच भी निर्माण प्रारंभ किया जा चुका है। इस सड़क में भी अभी नाली का निर्माण हो रहा है। कोनी से पत्रकार कॉलोनी के बीच स्वीकृत फोरलेन सड़क में विद्युतीकरण शामिल नहीं है।

-आदित्य ग्रोवर, ईई
पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

युवक पर धारदार हथियार से हमला, 3 गिरफ्तार

बिलासपुर। लिफ्ट मांगकर पैसे की मांग करते हुए युवक पर धारदार हथियार से हमला करने वाले 3 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



शनिवार की रात सिरगिट्टी नगपुरा निवासी राघवेन्द्र यादव पिता स्व. भरतलाल यादव गांव से बाइक में सवार होकर शहर की ओर जा रहे थे। सिरगिट्टी फाटक के पास एक युवक ने लिफ्ट मांगा। उन्होंने युवक को अपनी बाइक में बैठा लिया। कुछ दूर शराब दुकान के पास गाड़ी रूकवाकर युवक राघवेन्द्र से पैसा मांगने लगा। मना करने पर वह अपने साथियों को बुला लिया और उनके साथ जमकर मारपीट कर चेहरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 115, 2, 118, 1, 119, 1, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावर निखिल कोरी, तुषार जाल, विलास गजभिये उर्फ छोटा को गिरफ्तार कर लिया है।

दो युवकों पर चाकू से हमला

बिलासपुर। अलग अलग दो घटनाओं में आपसी विवाद के चलते दो युवकों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, देवरीखुर्द गली नम्बर 7 निवासी हनुमंत कांता राव पिता एच अप्पाहू 4 अक्टूबर की रात 12 बजे दोस्त अनिल पटेल के घर खाना खाने जा रहे थे। उसी समय कपिल यादव शराब पीकर गाली गलौज रह रहा था। अनिल पटेल ने उसे गाली देने से मना किया। जिससे कपिल यादव अनिल के साथ मारपीट करने लगा। वह बीच बचाव करने गया तो उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से कमर में हमला कर दिया है। दूसरी घटना में बुधवारी बाजार बापूनगर निवासी सूर्या चौहान व आर्यन पाण्डेतय घर के पास बैठकर नशा कर रहे थे। विवाद होने पर आर्यन पाण्डेय ने सूर्या चौहान के साथ गाली गलौज करते हुए चाकू से पीठ पर हमला कर दिया है। पुलिस ने दोनों मामले में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

अरपा-भैंसाझार से बढ़ रहा सिंचित क्षेत्र

बिलासपुर। खेती के लिए समय पर पानी की उपलब्धता किसानों की बड़ी जरूरत है। जिले में घोंघा मध्यम जलाशय और अरपा-भैंसाझार बैराज परियोजनाएं इस जरूरत को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। नहरों के माध्यम से खेतों तक पहुंचता पानी किसानों की मेहनत को संबल दे रहा है। जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित इन परियोजनाओं से क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। कोटा विकासखंड के ग्राम पटैता में निर्मित घोंघा मध्यम जलाशय परियोजना क्षेत्र के 49 गांवों के किसानों के लिए सिंचाई का प्रमुख आधार है। परियोजना से 8,343 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

नदी की तेज धार में फंसा युवक, दो घंटे के रेस्क्यू के बाद निकाला गया बाहर



रामानुजगंज। रविवार की शाम उस समय अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब रामानुजगंज आ रहा एक युवक नदी के बीच पानी के तेज बहाव में फंस गया। इधर घटना की सूचना पर पुलिस की रेस्क्यू टीम ने न सिर्फ साहस का परिचय दिया बल्कि समय रहते युवक को नदी के बीच से सुरक्षित बाहर निकाल युवक की जान बचाई।

जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब 7 बजे ग्राम पुरानडीह निवासी 30 वर्षीय मनोज मांझी रामानुजगंज आ रहा था। जैसे ही युवक नदी पार करने लगा और नदी के बीच पहुंचा तभी पानी के तेज बहाव में नदी के बीचो-बीच फंस गया। अंधेरा होने और नदी में पानी की तेज आवाज के कारण उसकी मदद की पुकार काफी कम सुनाई दे रही थी। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने युवक की आवाज सुनी और तत्काल इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को दी गई। सूचना मिलते ही रामानुजगंज थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल भी घटनास्थल पर पहुंचे और युवक को सुरक्षित निकालने के लिए तत्काल रेस्क्यू की व्यवस्था शुरू की गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रमन अग्रवाल ने दयाल विश्वास एवं उनकी टीम से संपर्क कर मदद के लिए मौके पर पहुंचने की बात कही। कुछ ही देर में दयाल विश्वास के नेतृत्व में उनकी टीम घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद एएसआई राधेश्याम विश्वकर्मा, संजू तिवारी सहित रेस्क्यू टीम के सदस्यों ने साहस का परिचय देते हुए नदी की तेज धार को पार कर युवक तक पहुंचने का प्रयास किया। करीब दो घंटे तक चले जोखिम भरे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मनोज मांझी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। युवक के सुरक्षित बाहर आने के बाद मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने रेस्क्यू में साहस और तत्परता दिखाने वाली दयाल विश्वास एवं उनकी टीम को 5 हजार तथा पुलिस प्रशासन को भी 5 हजार रुपए की राशि इनाम स्वरूप प्रदान की। समय रहते सूचना मिलने और पुलिस प्रशासन, नगर पालिका तथा स्थानीय रेस्क्यू टीम के समन्वित प्रयास से युवक की जान बचाई जा सकी।

पानी समझ कर मासूम ने पी ली शराब, मौत

अम्बिकापुर। घर में खेल रहा मासूम पानी समझ कर प्लास्टिक बॉटल में रखे महुआ शराब को पी लिया। परिजन मासूम को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान मासूम की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कोरबा अंतर्गत ग्राम पसान काशी मूड पुलापुर निवासी मनीष कुमार आ. शिवलाल सिंह (3 वर्ष) 29 सितंबर को घर में खेल रहा था जबकि मां फुल कुंवर काम कर रही थी। इसी बीच मासूम ने घर में प्लास्टिक बॉटल में रखे महुआ शराब को पानी समझ कर पी लिया। शराब पीने के बाद मासूम उल्टी करने लगा। शाम को जब पिता काम कर घर लौटा तो पत्नी ने मनीष के शराब पी लेने की बात बताई। उल्टी करने के बाद मनीष की हालत में सुधार आया लेकिन दूसरे दिन अचानक तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन उसे खड़गवां अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चिरमिरी अस्पताल भेज दिया जहां चिकित्सकों ने मासूम की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान गत दिन मासूम की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

ट्रेलर ने कार को मारी टक्कर दंपती सहित 4 लोग घायल

बिलासपुर। ट्रेलर चालक ने कार को टक्कर मार दी, हादसे में कार सवार पति पत्नी व दो बेटे घायल हो गए हैं और कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, मंगला दीनदयाल कालोनी निवासी प्रभात कुमार साहू पिता केदार प्रसाद साहू 4 अक्टूबर की सुबह अपनी पत्नी सुकृता साहू, बेटा मोहन, मणीशंकर को लेकर कार क्रमांक सीजी 04 एचडी, 5627 से पैतृक गांव खैरी जा रहे थे। सुबह 11 बजे नेशनल हाइवे पटेल ढाबा के पास पीछे से खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीवाय, 1710 के चालक उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में पति पत्नी व दोनों बच्चों को चोट आई और कार क्षतिग्रस्त हो गई है। इधर चालक ट्रेलर छोड़कर भाग गया है। पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर गाड़ी जब्त कर फरार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

ड्रिंक एण्ड ड्राइव में बाइक पकड़े जाने पर दो महिलाओं ने ट्रैफिक थाने में मचाया हंगामा

बिलासपुर। ड्रिंक एण्ड ड्राइव में बाइक जब्त होने पर दो महिलाओं ने ट्रैफिक थाने में जमकर हंगामा मचाया। सिविल लाइन पुलिस दोनों महिलाओं को थाने लाकर समझाइश देकर लौटा दिया है।

4 दिन पूर्व ट्रैफिक पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाने पर धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत बाइक जब्त कर थाने में खड़ा कर दिया है। सोमवार को गाड़ी चालक दो महिलाओं को लेकर ट्रैफिक थाने ले आया। दोनों महिलाएं थाने में जबरदस्ती बाइक को जब्ती बनाने का आरोप लगाकर हंगामा मचाने लगीं। थाने के सामने महिलाओं के हंगामा मचाने पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर जाकर दोनों महिलाओं को थाने ले गई। टीआई



किशोर केंवट ने दोनों महिलाओं को शराब पीकर गाड़ी चलाने पर बाइक जब्ती होने की जानकारी देते हुए समझाइश दी। उसके बाद महिलाएं लौट गईं।

खबर संक्षेप



करियर पब्लिक स्कूल के नन्हें-मुन्नों का शैक्षणिक भ्रमण

कोरबा। करियर पब्लिक स्कूल के क्लास नर्सरी से लेकर केजी-2 तक के सबसे छोटे विद्यार्थियों के लिए ज्ञान और संस्कार से भरा शैक्षणिक भ्रमण हेतु मां भवानी मंदिर तथा कौशल्या माता मंदिर ले जाया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन प्रधानाचार्या श्रीमती किरण तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। मंदिर परिसर में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ देवी दर्शन किए। इस दौरान शिक्षिकाओं ने बच्चों को सरल और रोचक भाषा में मंदिरों से जुड़ी पौराणिक कथाओं के बारे में बताया। बच्चों को बताया गया कि मां भवानी शक्ति का स्वरूप हैं1 जबकि मां कौशल्या भगवान श्रीराम की माता हैं, इस मंदिर में भगवान श्री राम की पूरी लीला और संपूर्ण रामचरितमानस की कहानी को बहुत ही सुंदर ढंग से दर्शाया गया है। शिक्षिकाओं ने मंदिर की स्थापत्य कला, पूजा-पद्धति और उसके ऐतिहासिक महत्व के बारे में विशेष जानकारियां दीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती किरण तिवारी ने कहा कि, "हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति और संस्कारों से भी जोड़ना है। इस तरह के भ्रमण से बच्चों में जिज्ञासा बढ़ती है और वे अपनी परंपराओं को करीब से समझ पाते हैं। छोटी उम्र में मिला यह अनुभव उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होगा।

सेवा सेतु शिविर में मिले 89 आवेदन, सभी का मौके पर हुआ निराकरण



कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सोमवार को नगर पालिका परिषद कटघोरा के कार्यालय परिसर में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न शासकीय सेवाओं से संबंधित कुल 89 आवेदन प्राप्त हुए। इन सभी का शिविर में ही निराकरण किया गया। शिविर में राशन कार्ड तथा जन्म, विवाह और मृत्यु प्रमाण पत्र वितरित किए गए। दिव्यांगजन, पेंशन, वृद्धावस्था, सामाजिक सुरक्षा, राष्ट्रीय परिवार सहायता, कृषि, श्रम, विद्युत, पीएम स्वनिधि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सोलर एनर्जी और आधार सेवा से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने सेवा सेतु शिविर की सराहना की। उन्होंने नागरिकों से ऐसे शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और शासन की सेवाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष राज जायसवाल, पार्षद अजय गर्ग, हरीश यादव, आत्मा नारायण पटेल, पीयूष गर्ग, अनुराग दुलानी, लखखु देवांगन सहित पार्षदगण उपस्थित रहे। तहसीलदार सूर्य प्रकाश केशकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुद्रिका प्रसाद तिवारी, उप अभियंता अनिल कुमार राम, फराज खान, शांतिलाल मिरी, पीयूष साहू, ओमप्रकाश भारद्वाज सहित अधिकारी-कर्मचारी और आम नागरिक भी शिविर में शामिल हुए।

पीएम श्री स्कूल बालको में नमो सेवा गाथा पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन



कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पीएम श्री स्कूल, बालको नगर में नमो सेवा गाथा की अनकही कहानियां विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं ने नाटक के माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकसित भारत 2047 के संकल्प को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एनसीसी कैडेट्स ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंट किए तथा कक्षा 12वीं की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। नाटक में किसान, मजदूर, डॉक्टर, सैनिक, युवा, व्यापारी, महिला और विद्यार्थी सहित समाज के विभिन्न वर्गों की परिस्थितियों को दर्शाया गया। विद्यार्थियों ने उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम सूर्य घर योजना, पीएम श्री स्कूल, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान योजना, पीएम जन आरोग्य योजना, डिजिटल इंडिया, यूपीआई और ऑपरेशन सिंदूर जैसे विषयों को नाट्य प्रस्तुति में शामिल किया। नाटक के माध्यम से योजनाओं से आमजन को मिल रही सुविधाओं और विकसित भारत 2047 के सपने को मंच पर सजीव रूप दिया गया।

पृष्ठ 1 का शेष

सतरेंगा उत्सव...

तक सुधार का कार्य निजी कंपनियों को करना पड़ेगा। इससे नौका विहार करने आने वाले पर्यटकों को बोटिंग के बिगड़ने की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। ऐसे तमाम शर्तों के साथ पर्यटन केन्द्र सतरेंगा को संवारने तैयारी चल रही है।

कलेक्टर ने दिए संवेदनशीलता से निराकरण के निर्देश

कलेक्टर जनदर्शन में दूरस्थ अंचलों से पहुंचे नागरिकों ने रखी अपनी बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के दूरस्थ वनांचल, पहाड़ी और शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सीधे सुनीं। उन्होंने आवेदकों से संवाद कर उनके प्रकरणों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का नियमानुसार परीक्षण करते हुए समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में जिलेभर से पहुंचे नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित 114 आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें वनपट्टा संबंधी जांच, मानदेय एवं लंबित वेतन भुगतान, शिक्षा प्रोत्साहन योजना का लाभ, पीएम आवास की लंबित राशि, राशन कार्ड, महतारी वंदन योजना की राशि, स्वास्थ्य जांच, किसान क्रेडिट कार्ड, बकरी शेड निर्माण के लिए



कलेक्टर को समस्या बताती हुई महिला फरियादी।

सहायता, शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, राहत राशि, बिजली बिल में सुधार, भूमि अधिग्रहण के बाद नौकरी एवं मुआवजा, सहायक उपकरण तथा अभिलेखों में त्रुटि सुधार एवं रिकॉर्ड दुरुस्ती से जुड़े प्रकरण शामिल रहे। नागरिकों ने लंबित मुआवजा प्रकरणों की जांच, नए राशन कार्ड जारी करने तथा पात्र लोगों को आजीविका के साधनों से जोड़ने सहित अन्य मांगें भी कलेक्टर के समक्ष रखीं। कलेक्टर श्री दुदावत ने अधिकारियों को आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ समय पर दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनदर्शन शासन और नागरिकों के बीच सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम है। इसके जरिए आमजन अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखते हैं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की नियमित समीक्षा करते हुए प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। जनदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन, ओएसडी तरुण कुमार किरण, सहायक कलेक्टर इशांत जायसवाल, अपर कलेक्टर देवेन्द्र पटेल, अपर कलेक्टर ओंकार यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

संजू देवी का किया गया सम्मान



सम्मान समारोह में उपस्थित ग्रामीण व अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

जापान में आयोजित एशियाई खेलों में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर पाली ब्लॉक के ग्राम केराकछार की बेटी संजू देवी यादव ने देश और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर पाली के शिव मंदिर चौक में आयोजित अभिनंदन समारोह में खेल जगत, सामाजिक क्षेत्र और विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं से जुड़े लोगों की सीमित मौजूदगी अब चर्चा का विषय बन गई है। खेलप्रेमियों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ी का सम्मान क्या राजनीतिक मंच की पहचान तक सीमित रहना चाहिए।

अभिनंदन समारोह का आयोजन गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पाली-तानाखार विधायक तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम के नेतृत्व में किया गया। समारोह में मौजूद लोगों ने संजू देवी की उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरव बताया। खेलप्रेमियों का कहना है कि खिलाड़ी मैदान में किसी राजनीतिक दल का प्रतिनिधित्व नहीं करता। वह अपने प्रदर्शन से क्षेत्र, राज्य और देश का नाम रोशन करता है। ऐसे में उसके सम्मान का मंच भी व्यापक और सर्वसमावेशी होना चाहिए। उनका मानना है कि सम्मान समारोह में राजनीतिक पहचान से अधिक खिलाड़ी की उपलब्धि केंद्र में रहनी चाहिए। स्थानीय लोगों के अनुसार, यदि ऐसे आयोजनों में सभी राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि, खेल संघ, खिलाड़ी, सामाजिक संगठन और खेलप्रेमी एक साथ शामिल हों तो इससे खिलाड़ी का मनोबल बढ़ेगा और समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा।

रिकॉर्डिंग डांस से बोरा दौड़ तक प्रतियोगिताओं में उमड़ा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

महाराजा अग्रसेन जयंती के पूर्व कटघोरा के अग्रवाल समाज में लगातार विभिन्न मनोरंजक, खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल कटघोरा के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन भवन के प्रांगण में चार रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें रिकॉर्डिंग डांस, बोरा दौड़, पेयर दौड़ एवं नारियल फेंको प्रतियोगिता प्रमुख रहीं।

अग्रसेन जयंती के पूर्व आयोजित इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से समाज के लोगों को एक मंच पर एकत्रित करने के साथ बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता से हुई। विशेष रूप से इस आयोजन को 2 वर्गों में किया गया 0 से 7 व 8 से 15 वर्ष के आयु वर्ग के नन्हे-मुन्ने प्रतिभागियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का ध्यान आकर्षित किया। जिसमे



बोरा दौड़ में भाग लेते प्रतिभागी।

सर्वप्रथम 0 से 7 वर्ष में मन्नत कंसल प्रथम व शिवाय अग्रवाल पिता तनुज अग्रवाल द्वितीय रहे ततपश्चात 8 से 15 वर्ष में कु आकृति अग्रवाल पिता त्रिलोक अग्रवाल प्रथम रही वही कु टिया अग्रवाल पिता रूपेश अग्रवाल द्वितीय रहे। इसके पश्चात नारियल फेंको प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन किया। रोचक मुकाबले के बाद माधव अग्रवाल पिता विजय अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि संजय बंसल पिता गोपीराम बंसल द्वितीय स्थान पर रहे। आयोजन की मनोरंजक प्रतियोगिताओं में शामिल बोरा दौड़ ने भी खूब आकर्षण बटोरा। प्रतिभागियों ने बोरे में दौड़ लगाते हुए अपनी फुर्ती और संतुलन का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह रहा और प्रतिभागियों का तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया गया बोरा दौड़ में आरव अग्रवाल पिता सोनू अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि भूमि अग्रवाल पिता रीकेश अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम की एक अन्य रोचक प्रतियोगिता पेयर दौड़ रही। रोमांचक प्रतियोगिता में लक्ष्य अग्रवाल व वैदिक अग्रवाल की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,जबकि भूमिजा अग्रवाल व अंशिका अग्रवाल की द्वितीय स्थान पर रहीं।

थिरकता मारवाड़ में बिखरी राजस्थानी-हरियाणवी संस्कृति की रंगीन छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अग्रवाल सभा द्वारा समाज के महाराजा अग्रसेन जयंती के खेल महाकुम्भ में अयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अग्रवाल महिला मंच के द्वारा हौजी (तंबोला), थिरकता मारवाड़ प्रतियोगिता अयोजन किया गया। अग्रवाल समाज के सदस्यों के बीच आपसी मेल-जोल, मनोरंजन एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में होजी (तंबोला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

होजी (तंबोला) के दौरान सभागार में उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिला। जैसे-जैसे तंबोला के अंक पुकारे जाते गए, प्रतिभागियों में अपनी पर्ची पर अंक मिलाने को लेकर उत्सुकता बढ़ती गई। किसी के द्वारा जीत की घोषणा किए जाने पर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा। प्रतिभागियों ने पूरे जोश एवं उत्साह के साथ खेल का आनंद लिया। सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने तथा समाज के प्रतिभावान सदस्यों को अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान



कार्यक्रम में भाग लेती हुई समाज की महिलाएं।

करने के उद्देश्य से थिरकता मारवाड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने राजस्थानी एवं हरियाणवी पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और मारवाड़ी गीतों पर अपने शानदार नृत्य कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत से ही वातावरण राजस्थानी संस्कृति के रंगों से सराबोर नजर आया। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा, आभूषणों और राजस्थानी संस्कृति की झलक ने आयोजन को आकर्षक बना दिया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से राजस्थान एवं हरियाणा की लोक संस्कृति, परंपरा और नृत्य शैली की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। विशेष रूप से राजस्थानी एवं हरियाणवी वेशभूषा में प्रस्तुत प्रतिभागियों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। पारंपरिक परिधानों के साथ सजे प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से लोक संस्कृति की खूबसूरती को मंच पर जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सदस्यों ने कलाकारों का उत्साह बढ़ाते हुए तालियों के साथ उनका अभिनंदन किया।

श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस सुनाया सुदामा चरित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

छारिया गोयल परिवार कटघोरा द्वारा राधाकृष्ण मन्दिर कटघोरा में 29 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को भक्तिमय वातावरण में समापन हुआ। कथा के सातवें एवं अंतिम दिवस वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य श्रीकान्त त्रिपाठी एवं उनकी सुपुत्री शिघ्रता त्रिपाठी ने भगवान श्रीकृष्ण के परम भक्त सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। इसके साथ ही कथा के समापन अवसर पर फूलों की होली का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु भक्ति के रंग में सराबोर होकर जमकर झूमे। पूरे कथा स्थल पर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण गूंजायमान रहा।

कथा वाचक आचार्य श्रीकान्त त्रिपाठी ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता संसार के लिए निष्काम प्रेम, सच्ची मित्रता और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। सुदामा अत्यंत निर्धन होने के बावजूद भगवान श्रीकृष्ण के प्रति उनकी श्रद्धा और भक्ति में कभी कमी नहीं आई। वे अपने मित्र से मिलने द्वारका पहुंचे तो भगवान श्रीकृष्ण ने राजसी वैभव और पद का अभिमान किए बिना अपने बालसखा सुदामा का जिस आत्मीयता से स्वागत किया, वह



कथा सुनते हुए श्रद्धालुगण।

भगवान की भक्तवत्सलता को दर्शाता है। आचार्य ने कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए बताया कि जब सुदामा द्वारका पहुंचे तो भगवान श्रीकृष्ण स्वयं उनका स्वागत करने दौड़ पड़े। भगवान ने सुदामा के चरण धोए और उन्हें प्रेमपूर्वक अपने पास बैठाया। सुदामा अपनी पत्नी द्वारा दिए गए चावलों की छोटी-सी पोटली लेकर भगवान के पास पहुंचे थे। भगवान श्रीकृष्ण ने प्रेम से उन चावलों को स्वीकार किया। कथा के इस प्रसंग का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि भगवान के लिए भक्त द्वारा प्रेम से अर्पित की गई छोटी-सी वस्तु भी अनमोल होती है। भगवान को धन-दौलत अथवा वैभव की आवश्यकता नहीं, बल्कि भक्त के निर्मल मन और सच्ची भावना की आवश्यकता होती है। सुदामा चरित्र हमें सिखाता है कि जीवन में चाहे कितनी भी विपरीत परिस्थितियां आएं, व्यक्ति को अपनी श्रद्धा, संस्कार और ईश्वर के प्रति विश्वास नहीं छोड़ना चाहिए। सुदामा चरित्र के माध्यम से आचार्य श्रीकान्त त्रिपाठी एवं सुपुत्री शिघ्रता त्रिपाठी ने वर्तमान समय में सच्ची मित्रता, सरलता, संतोष और संस्कारों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि धन और संपत्ति जीवन की वास्तविक पूंजी नहीं है, बल्कि प्रेम, विश्वास, संस्कार और भक्ति ही मनुष्य की सबसे बड़ी संपत्ति है।

पंचगव्य चिकित्सा एवं प्राकृतिक कृषि का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रवाल महिला मंडल कटघोरा के द्वारा सामाजिक जागरूकता, स्वास्थ्य संरक्षण, प्राकृतिक कृषि तथा गौ आधारित जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अग्रसेन भवन, कटघोरा में रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया गया इसमें पंचगव्य चिकित्सा, प्राकृतिक कृषि, गोसंवर्धन और भारतीय परंपराओं पर आधारित जीवनशैली जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में डॉ. गिरिश गौमित्र द्वारा पंचगव्य चिकित्सा एवं प्राकृतिक कृषि से संबंधित विषयों पर व्याख्यान के सांथ सांथ अपना मार्गदर्शन भी दिया गया। आयोजन के माध्यम से



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को गौ आधारित कृषि पद्धतियों, प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग तथा पर्यावरण के अनुकूल खेती के महत्व से परिचित कराने का प्रयास भी किया गया। कार्यक्रम की मूल भावना गौ संरक्षण, प्राकृतिक कृषि, स्वदेशी परंपराओं और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना से जुड़ी है। प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग, खेती की लागत को कम करने के प्रयास, मिट्टी की गुणवत्ता का संरक्षण और ग्रामीण स्तर पर रोजगार के अवसरों को प्रोत्साहित करना आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकताएं हैं।

न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कपूर दास मानिकपुरी पिता महेत्तर दास मानिकपुरी, जाति पनिका निवासी ग्राम रलिया तहसील दीपका जिला कोरबा छ.ग. के द्वारा ग्राम रलिया तहसील दीपका में स्थित भूमि खातेदार कपूर दास मानिकपुरी पिता महेतर दास मानिकपुरी, के नाम पर भूमि ख.नं. 926/3, रकबा 0.09 एकड /0.06 हे. भूमि स्थित हैं उक्त भूमि एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के द्वारा अर्जित कर लिया गया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को विक्रेता सुनादास पिता पुरनदास जाति पनिका निवासी नवापारा से क्रय कर उपपंजीयन कार्यालय हरदीबाजार से बिक्रीनामा किया गया है। जिसका नामांतरण क्र 38 दिनांक 02.01.2026 दर्ज है। उक्त भूमि का वर्तमान बी 1, पी2 में त्रुटिवश शासकीय मद में दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर आवेदक के नाम पर दर्ज करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत किया है। उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 16/10/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक 30/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार, दीपका
जिला कोरबा (छ.ग.)

KRISHNA Multispeciality Hospital
AFFORDABLE AND TRUSTED HEALTHCARE
24/7 Emergency Services
उपलब्ध विभाग
• हड्डी रोग विभाग
• एक्सीडेंट एवं ट्रामा युनिट
• मेडिसिन रोग विभाग
• छाती रोग विभाग
• सर्जरी विभाग
• शिशु रोग विभाग
• स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• इनफर्टिलिटी विभाग
• पैथोलॉजी विभाग
• इंटेंसिव एण्ड क्रिटिकल केयर यूनिट
• न्यूरोसर्जरी विभाग
आयुष्मान एवं कैशलेस टीपीए उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
• 96 स्लाइस एडवांस सीटी स्कैन
• X-Ray 3D 4D USG, EEG, ECG, TMT,
• PFT की सुविधा
• वेंटीलेटर की सुविधा
• अनुभवी स्टाफ की टीम
• डायलिसिस की सुविधा
• 24 घंटे फार्मेसी एवं पैथोलॉजी की सुविधा
• 24 X 7 अपातकालीन सुविधाएं
कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मंगलम् विहार, कोसाबाड़ी कोरबा (छ.ग.) 7771005425, 77710-13560
Help Line No.:- 9109127585

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गारंटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार
25 वर्षों से स्थाई के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी-विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है
माँ सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा, मो. 90746 65998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP MEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY) केवल 12वीं पास (बायो विषय अनिवार्य) व्यावहारिक ज्ञान पर विशेष प्रशिक्षण
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन) (2 वर्ष)
O.T. TECHNICIAN (ऑपरेशन थिएटर टेक्नीशियन) (1 वर्ष)
X-RAY TECHNICIAN (एक्स-रे टेक्निशियन) (2 वर्ष)
CMS & ED (कम्युनिटी मेडिकल सर्विसेज & इमरजेंसी टेक्नीशियन) (1.5 वर्ष)
8770020185
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोशावाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

खबर संक्षेप

शिक्षक राजेन्द्र को मिला शिक्षा ज्योति सम्मान



पंतोरा। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, अभिनव शिक्षण प्रयोग एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए शासकीय अनुसूचित जाति कन्या आश्रम शाला पंतोरा,विकासखंड बलौदा, जिला-जांजगीर-चांपा में पदस्थ सहायक शिक्षक राजेन्द्र कुमार कंवर को विश्व शिक्षक दिवस 5 अक्टूबर के अवसर पर प्रतिष्ठित 'शिक्षा ज्योति सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। शिक्षा ज्योति भारत द्वारा प्रदान किए गए सम्मान-पत्र में श्री कंवर के शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव प्रयोगों, नवाचारी शिक्षण विधियों एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान की सराहना की गई है। सम्मान संस्था की संस्थापक अर्चना शर्मा एवं जनरल सेक्रेटरी डॉ. राघवेंद्र राठौर के हस्ताक्षर से प्रदान किया गया। राजेन्द्र कुमार कंवर द्वारा विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने, बच्चों में सीखने की रुचि विकसित करने तथा गतिविधि आधारित एवं रचनात्मक शिक्षण के माध्यम से उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सम्मान प्राप्त होने पर श्री कंवर ने 'शिक्षा ज्योति भारत' परिवार, संस्थापक अर्चना शर्मा एवं जनरल सेक्रेटरी डॉ. राघवेंद्र राठौर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए गौरव के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण एवं नवाचार के साथ कार्य करने की प्रेरणा है।

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में सूर्या ने जीता स्वर्ण पदक



कटघोरा। सेजस सिंघिया के कक्षा 12वीं के छात्र सूर्या सिंह ने राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोला फेंक (शॉट पुट) विधा में पूरे राज्य में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से कोरबा जिले के साथ-साथ बिलासपुर संभाग का नाम भी गौरवान्वित हुआ है। जगदलपुर (बस्तर) में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सूर्या सिंह ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर उन्होंने आगामी राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए पंजाब में होने वाली प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। सूर्या की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, खेल जगत एवं जिले के खेलप्रेमियों में हर्ष का माहौल है। उनकी सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी. उपाध्याय, कोच विशाल दुबे, प्राचार्य संगीता साव, जिला खेल अधिकारी झसेन्द्र गभेल, डीएसओ दीनू पटेल एवं आर.के. साहू तथा बीईओ दयाल सर ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हरिश बने छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ किसान प्रकोष्ठ के संगठन सचिव



मड़वारानी। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा किसान प्रकोष्ठ के संगठन सचिव पद पर मड़वारानी निवासी हरिश साहू को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से समाज के लोगों में हर्ष का माहौल है। हरिश साहू के संगठन सचिव बनने पर साहू समाज के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे। साथ ही किसान समाज की समस्याओं को संगठन के माध्यम से उचित मंच तक पहुंचाने और किसानों के हित में कार्य करने का प्रयास करेंगे। समाज के लोगों ने उम्मीद जताई कि हरिश साहू के अनुभव एवं सक्रियता से किसान प्रकोष्ठ को मजबूती मिलेगी और समाज एवं किसानों के हित में बेहतर कार्य होंगे।

सिरली में मनाई गई रानी दुर्गावती जयंती



हरदीबाजार। ग्राम पंचायत सिरली में वीरांगना रानी दुर्गावती जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत रानी दुर्गावती के चित्र पर पूजा-अर्चना एवं पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित लोगों ने उनके साहस, शौर्य और बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम कोरबा के अध्यक्ष रघुराज सिंह उइके ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रानी दुर्गावती के जीवन और उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।कार्यक्रम में जनपद सदस्य चन्द्रपाल पटेल, लाखन सिंह उइके, चन्द्रशेखर मरावी, वीर सिंह पटेल, शिवनारायण, शनिराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान रानी दुर्गावती के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।

दो माह बाद भी शुरू नहीं हो सका आवासीय आदिवासी क्रीड़ा परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप संभाग का पहला आवासीय आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर की शुरुआत खिलाड़ियों के चयन के दो माह बाद भी नहीं हो सकी है और न ही क्रीड़ा परिसर किस भवन में संचालित होगा उसके लिए भी भवन का चयन नहीं हो सका है। जबकि खिलाड़ियों का फिजिकल टेस्ट संपन्न हुए दो माह का समय बीत चुका है। 40 स्थानों के लिए फिजिकल टेस्ट 10 अगस्त को लिया गया था, जिसमें 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें कितने खिलाड़ियों का चयन किया गया है उक्त सूची भी अभी लंबित पड़ी हुई है। हालांकि चयनित सूची क्रीड़ा विभाग के द्वारा तैयार कर ली गई है।

अब तक कहां होगा संचालन यह तय नहीं हुआ

खास बातें

- 10 अगस्त को 40 स्थानों के लिए लिया गया था खिलाड़ियों का फिजिकल टेस्ट



समीप के स्कूलों में मिलेगा प्रवेश

आवासीय आदिवासी क्रीड़ा परिसर के लिए चयनित खिलाड़ियों को समीप के ही स्कूलों में प्रवेश दिलाया जाएगा। ताकि उनके रहने व खेलने के साथ पढ़ाई की भी सुविधा मिल सकेगी। किन्तु तिमाही परीक्षा का दौर गुजर चुका है और चयन परीक्षा में भाग लेने वाले खिलाड़ी स्कूलों में प्रवेश ले चुके हैं। हालांकि क्रीड़ा परिसर शुरू होने के बाद उन्हें उनकी शाला में ही प्रवेश की प्रक्रिया माना जाएगा।

प्रशासकीय स्वीकृति का भी मामला

इस मामले में यह भी जानकारी सामने आई है कि प्रशासन के द्वारा आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर शुरू करने के लिए स्थानीय स्तर पर तैयारी करते हुए इसकी प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। जो शासन के पास ही लंबित पड़ा हुआ है। क्रीड़ा परिसर के लिए व्यायाम शिक्षकों की भी मानदेय स्तर पर भर्ती की जाएगी। जिसके लिए बीपीएड, एमपीएड डिग्रीधारी स्थानीय शिक्षित बेरोजगारो को मौका दिया जाएगा।

पूजा समिति की बैठक लेकर दी गई जानकारी

नवरात्रि की तैयारी, पूजा पंडालों और गरबा-डांडिया के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम, पुलिस सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आगामी 11 अक्टूबर से देशभर में शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए ऊर्जाधानी जिले में भी विभिन्न पूजा समितियों और गरबा-डांडिया आयोजकों द्वारा तैयारियां अंतिम चरण में है। शहर के अलग-अलग स्थानों पर इस बार रास गरबा और डांडिया की खास धूम देखने को मिलेगी। इसके लिए पुलिस ने भी अपनी तैयारी शुरु कर दी है। पूजा समिति की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक फरमान जारी किया गया है साथ ही गरबा पंडाल पर पिंक पेट्रोलिंग की टीम लगातार नजर आएगी।

त्योहार के दौरान शहर में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले और उनकी टीम सुरक्षा व्यवस्था का मजबूत खाका तैयार करने में जुटी हुई है। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के उद्देश्य से सभी थाना व चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में दुर्गा पूजा एवं गरबा-डांडिया समितियों की बैठक ले रहे हैं। बैठकों में आयोजकों को दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा गया है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर प्रत्येक पूजा पंडाल और गरबा स्थल पर महिला हेल्प डेस्क की स्थापना अनिवार्य की गई है। साथ ही पिंक पेट्रोलिंग लगातार पंडालों में पेट्रोलिंग करेगी। अप्रिय घटनाओं को रोकने और भीड़ पर नजर रखने के लिए सभी पंडालों और आयोजनों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। शांति व्यवस्था में सहयोग के लिए तैनात वॉलिंटियर्स को अनिवार्य रूप से आई कार्ड पहनना होगा। आयोजकों को अपने कार्यक्रमों और गतिविधियों की लगातार जानकारी संबंधित थाना या चौकी को देनी होगी। सुरक्षा को और पुख्ता बनाने के लिए पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में विशेष पेट्रोलिंग टीमों की तैनाती की जा रही है, जो दिन-रात गश्त करेंगी। पुलिस प्रशासन ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था में खलल डालने या हुड़दंग मचाने की कोशिश करने वाले असमाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें सीधे जेल भेजा जाएगा। पुलिस की इस सतर्कता और तैयारियों से जिलेवासियों में उत्साह है और लोग निर्भय होकर भक्ति और आनंद के साथ नवरात्रि पर्व मनाने के लिए उत्सुक हैं।




फाइल फोटो

पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट

नवरात्री पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए तैयारी शुरु कर दी है। सभी थाना व चौकी प्रभारी अपने अपने स्तर पर पूजा समितियों की बैठक ले रहे हैं। शासन के निर्देशों का पालन करने कहा जा रहा है। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम लगातार फिल्ड में नजर आएगी। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए पिंक पेट्रोलिंग गरबा पंडालों में तैनात रहेगी। पूजा समिति की वॉलिंटियर्स भी सुरक्षा में तैनात रहेंगे।

-**लखन पटले,** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

महामृत्युंजय मंदिर में 44 वर्षों से चली आ रही ज्योति कलश स्थापना की परंपरा



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम कॉलोनी स्थित श्री श्री 108 श्री महामृत्युंजय मंदिर क्षेत्र में श्रद्धा और आध्यात्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। भगवान शिव के महामृत्युंजय स्वरूप को समर्पित इस मंदिर का शांत एवं आध्यात्मिक वातावरण श्रद्धालुओं को अद्भुत शांति का अनुभव कराता है।

मंदिर में पिछले 44 वर्षों से शारदीय नवरात्र के अवसर पर ज्योति कलश स्थापना की परंपरा चली आ रही है। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष भी 11 अक्टूबर शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को नवरात्र के शुभारंभ के साथ मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। ज्योति कलश सीमित संख्या में प्रज्वलित किए जाएंगे, जिसके लिए श्रद्धालु पूर्व में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। मंदिर के वर्तमान पुजारी पंडित नागेश्वर पुरी गोस्वामी हैं। वे मंदिर के मुख्य एवं प्रथम पुजारी प्रहलाद पुरी गोस्वामी की तीसरी पीढ़ी से हैं तथा दिगम्बर अखिलेश पुरी महाराज, दशनाम नागा संन्यासी के शिष्य हैं। पीढ़ियों से चली आ रही प्रहलाद पुरी गोस्वामी द्वारा आरम्भ की गई मंदिर की पूजा-अर्चना एवं धार्मिक परंपरा आज भी निरंतर जारी है। शारदीय नवरात्र के दौरान माताजी की आरती प्रतिदिन सायं 7:30 बजे की जाएगी। नवमी तिथि के दिन सायं 5 बजे से हवन एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 19 अक्टूबर, शुक्ल पक्ष नवमी को कन्या पूजन भी किया जाएगा। महामृत्युंजय मंदिर की 44 वर्षों से चली आ रही ज्योति कलश स्थापना की परंपरा आस्था, साधना और सनातन धार्मिक परंपरा की एक जीवंत कड़ी है। नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में दर्शन, आरती, ज्योति कलश एवं हवन-पूर्णाहुति का विशेष आध्यात्मिक वातावरण रहेगा।

लचर विद्युत व्यवस्था को लेकर विपक्षी पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र में लगातार लचर विधुत व्यवस्था में सुधार की माँग को लेकर पंकज सिंग नरपाल से भेंट कर जल्द से जल्द अघोषित विद्युत कटौती बंद कराने, बिजली तारो की रिपेयरिंग एव जर्जर खंभो को बदलने की माँग का पत्र सौंपा गया है। मांग पत्र सौंपने के दौरान कहा गया है कि यदि जल्द से जल्द निराकरण नहीं होती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास, पार्षद तेजप्रताप सिंह, पवन गुप्ता, संदीप डहरिया, मंडल अध्यक्ष यशपाल कंवर ने कहा कि बाँकीमोंगरा एवं कुसमुंडा क्षेत्र में समस्या तो अनेक हैं परंतु अभी जो सबसे बड़ी समस्या बनके आया है वो है बिजली की समस्या। आमजन बिजली की आँख मिचौली वाली स्थिति से परेशान हो गये है, मौसम ख़राब है तो एक बार आमजनमानस अपने मन को मना तो लेता है की चलो मौसम ख़राब है इस कारण हुआ है लेकिन बिन मौसम ख़राब हुए घंटों लाइट गोल कर देना यह कहा तक न्याय संगत है। इसके अलावा कुछ महीने पूर्व एक बैठक नगर पालिका बाँकीमोंगरा कार्यालय में रखी गई थी जिसमें बिंदुवार समस्याओं का एक महीने के अंदर निराकरण करने की बात हुई थी परंतु एक महीना बीत जाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि यदि बिजली संबंधित समस्याओं का निराकरण 7 दिवस के भीतर नहीं होता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।



ज्ञापन सौंपते हुए पार्षद।

गौ सेवा के लिए वीरांगना सेवा समिति ने दी सहायता राशि

बाराद्वार। पितृ पक्ष पर मातृ नवमी के विशेष दिन जागरूक वीरांगना बहुउद्देशीय सेवा समिति बाराद्वार द्वारा गौ सेवा के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए सेवा धाम स्थित गौशाला में सहयोग राशि प्रदान की गई। समिति की सदस्याओं ने बीमार एवं असहाय गायों के समुचित उपचार हेतु 1100 रुपये तथा उनके सुरक्षित परिवहन के लिए पिकअप वाहन खरीदी में सहयोग स्वरूप 5100 रुपये की सहायता राशि भेंट की। समिति की वरिष्ठ सदस्य सुमन सिंह ने कहा कि पितृ पक्ष में गौ सेवा का विशेष महत्व माना गया है। समिति सचिव वंदना सिंह, कोषाध्यक्ष सीता सिंघल, रंजना अग्रवाल, पायल शर्मा, पद्मिनी वैष्णव, गायत्री जायसवाल, कविता बंसल, मीना आचार्य सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

बंदर हरदीबाजार में मचा रहा था उत्पात, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मण्डल के हरदीबाजार क्षेत्र में पिछले करीब चार पांच दिनों से एक जंगली बंदर के लगातार उत्पात से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ था, स्थानीय लोगों के अनुसार बंदर राह चलते लोगों, बच्चों और बड़ों को दौड़ाने के साथ उन्हें काटने की कोशिश कर रहा था, इस दौरान क्षेत्र में करीब 4 लोगों को बंदर द्वारा काटे जाने की जानकारी सामने आई, जिसके बाद लोगों में डर और बढ़ गया था।

बंदर के लगातार आक्रामक व्यवहार को देखते हुए स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिस पर वनमण्डलाधिकारी कटघोरा जितेंद्र कुमार उपाध्याय के निर्देशानुसार उप वनमण्डलाधिकारी हितेश ठाकुर के मार्गदर्शन एवं पाली वन परिक्षेत्र अधिकारी भोगेश्वर बंजारे के नेतृत्व में नोवा नेचर संस्था के जितेंद्र सारथी की टीम के सदस्य बबलू, राकेश एवं कमल मौके स्थल पर पहुंचे। रेस्क्यू के दौरान बंदर अचानक एक कमरे में प्रवेश कर गया, इसी मौके का फायदा उठाते हुए वन विभाग एवं नोवा नेचर की टीम ने पूरी सावधानी और निर्धारित रेस्क्यू प्रक्रिया का पालन करते हुए बंदर को सफलतापूर्वक जाल से पकड़ कर पिंजड़े में रखा गया फिर उसे प्राकृतिक रहवास जंगल में जाकर छोड़ दिया गया। बंदर के पकड़े जाने के बाद क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली।



डिंपल्स

कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

पीएमश्री तिलकेजा में नुक्कड़ नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नमो सेवा-अनकही कहानियां कार्यक्रम के तहत 3 अक्टूबर को पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी एवं हिंदी विद्यालय, तिलकेजा में नुक्कड़ नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया। विद्यार्थियों ने अभिनय और संवादों के माध्यम से सेवा, संकल्प, समर्पण एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि अजय कंवर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुमिता अनंत, कुलसिंह कंवर, श्रीमती प्रतिमा सोनवानी, किशन साव, उपसरपंच श्रीमती पदमा कौशिक, शिक्षक पालक संघ के अध्यक्ष गजेन्द्र वैष्णव अन्य जनप्रतिनिधि, पालक और शिक्षक शामिल हुए। नाटक में विद्यालय के 40 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के कुल 946 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। इस मौके पर स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

नमो सेवा-अनकही कहानियां से मिली राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा

बच्चों की कला में गूंजा राष्ट्र निर्माण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कला जब जनजागरूकता और राष्ट्र निर्माण के संदेश से जुड़ती है, तो उसका प्रभाव और व्यापक हो जाता है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (साडा) में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' विषय पर विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा और देश की विकास यात्रा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। संवाद, अभिनय और सामूहिक प्रस्तुति के जरिए विद्यार्थियों ने विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक बदलावों को रोचक अंदाज में प्रस्तुत करते हुए राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की सहभागिता का संदेश दिया।

नुक्कड़ नाटक में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के 13 वर्षों के कार्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में देश के विकास और जनकल्याण के लिए किए गए विभिन्न प्रयासों को विषयवस्तु में शामिल किया गया। विद्यार्थियों ने विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के साथ स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण, स्वस्थ जीवनशैली, डिजिटल इंडिया, ऑनलाइन शासकीय सेवाओं, आयुष्मान भारत और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों को प्रभावी संवाद और अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रस्तुति में जल संरक्षण एवं जल के सदुपयोग, पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के साथ अंतरिक्ष मिशन, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, सर्जिकल स्ट्राइक, नोटबंदी, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों में बदलाव, तीन तलाक से संबंधित कानून, कोविड-19 महामारी के दौरान किए गए प्रयास तथा अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रसंगों को भी रचनात्मक ढंग से दर्शाया गया। विद्यार्थियों ने इन विषयों के माध्यम से देश की विकास यात्रा, सामाजिक बदलाव और नागरिक जिम्मेदारियों को सहज रूप में सामने रखा।



नुक्कड़ नाटक से विकास यात्रा की जानकारी देते हुए।

